
# कार्यालय नगर परिषद, श्रीगंगानगर
# (राजस्थान)



# ई–न्यूज लैटर
## माह–अगस्त, 2016

# कार्यालय नगर परिषद, श्रीगंगानगर

# ई–न्यूज

1 **Sewerage Status** :– सीवरेज का कार्य श्रीगंगानगर शहर में नगर विकास न्यास द्वारा प्रथम चरण में पूर्ण किया जा चुका है। शहर में एक एस.टी.पी. का निर्माण पूर्ण हो चुका है एवं एक एसटीपी का निर्माण प्रगति पर है। जिनकी नोडल एजेन्सी नगर विकास न्यास ही है। एस.टी.पी. का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त ही सीवरेज कनैक्शन का कार्य शुरू करवाया जा सकेगा। श्रीगंगानगर शहर में आर.यू.आई.डी.पी. द्वारा तृतीय चरण में सीवरेज कार्य की निविदा प्राप्त करने के उपरान्त तकनीकी बिड की जांच प्रगति पर है।

2 **Strom Water Drainage** :– अमृत्त योजनान्तर्गत श्रीगंगानगर शहर के लिये Strom Water Drainage के लिये 20.00 करोड़ रू. स्वीकृत्त किये गये है, जिसकी डी.पी.आर. का कार्य प्रगति पर है। डी.पी.आर. का कार्य मै0 क्रियेटिव टेक्नोक्रेट सर्विसेज प्रा0लि0, जयपुर राजस्थान द्वारा किया जा रहा है।

3 **Smart Cities** :– नगर परिषद, श्रीगंगानगर में लागू नहीं है।

4 **स्वच्छ भारत मिशन (S.B.M.)** :–

**(I) स्वच्छ भारत मिशन के तहत IHHL सर्वे कार्य की स्थिति** :–

| नाम निकाय | सेंसस आधार पर शौचालय विहिन परिवार | सर्वे आधार पर शौचालय विहिन | प्राप्त आवेदन | प्रमाणीकरण / अपडेशन कितनों का किया | कितनों को प्रथम किश्त जारी की गई | कितनों में कार्य आरम्भ | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| नगर परिषद, श्रीगंगानगर | 7746 | 6028 | 5066 | 2733 | 2600 | 450 कार्य पूर्ण | – |

**सामुदायिक शौचालय** :–

| नाम निकाय | लक्ष्य | कितनें स्थानों का चयन किया गया | स्थानों का विवरण | टेंडर किये या नहीं | जन सहभागिता प्राप्त हुई अथवा नहीं | कार्य कब तक पूर्ण होगा | वि0 वि0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| नगर परिषद, श्रीगंगानगर | 03 | 03 | 03<br>(1) आयुर्वेद चिकित्सालय के पास, वार्ड नं. 11<br>(2) वार्ड नं. 40 नजदीक मौसम विभाग<br>(3) नजदीक शुगरमिल | 02 कार्यो के टेंडर कर दिये गये है।<br>(1) आयुर्वेद चिकित्सालय के पास, वार्ड नं. 11<br>(2) वार्ड नं. 40 नजदीक मौसम विभाग | नहीं | एक का निर्माण कार्य पूर्ण करवाया जा चुका है तथा दूसरा कार्य चालू है। | – |

**सार्वजनिक शौचालय** :–

| नाम निकाय | लक्ष्य | कितनें स्थानों का चयन किया गया | स्थलों का विवरण | टेंडर किये या नहीं | जन सहभागिता प्राप्त हुई अथवा नहीं | कार्य कब तक पूर्ण होगा | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| नगर परिषद, श्रीगंगानगर | 05 | 02 | 1. सुखाड़िया सर्किल बस स्टेण्ड<br>2. डी ब्लाक डिग्गी | हां निविदा प्राप्त की जा चुकी है। | नहीं | पूर्ण | – |

5 **शौचालय निर्माण व पोर्टल पर फोटो अपलोड करना** :– स्वच्छ भारत मिशन योजनान्तर्गत द्वितीय किस्त हेतु आवेदन लाभार्थियों द्वारा कार्यालय में प्रस्तुत किये जा रहे है। प्राप्त 450 आवेदनों अनुसार भौतिक सत्यापन उपरांत 420 फार्म ऑनलाईन अपलोड कर दिये गये है।

| | |
|---|---|
| 6 | **घर घर कचरा संग्रहण** :– श्रीगंगानगर शहर में घर घर से कचरा संग्रहण कार्य शुरू करवा दिया गया है। |
| 7 | **राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (N.U.L.M.)** :- दीन दयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY - NULM) की प्रगति हेतु प्रयास किये जा रहे हैं। Technical Expert & CO's जो T & M संस्था द्वारा नगर परिषद् श्रीगंगानगर में (DAY – NULM) कार्य के लिए नियुक्त किये गए हैं कार्य संतोषजनक कर रही है। स्वरोज़गार घटक के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। कौशल प्रशिक्षण के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं स्वयं सहायता समूह के गठन के लिए दो नए RO के चयन के लिए प्रक्रिया जारी हैं। योजना अन्तर्गत दो नए आश्रय स्थल का निर्माण किया जाना था जिसमे से एक आश्रय स्थल का निर्माण पूर्ण हो चूका हैं जबके दूसरे का कार्य प्रगति पर हैं। पथ विक्रेता घटक के अन्तर्गत सर्वे का कार्य लगभग पूर्ण हो चूका हैं। योजना अन्तर्गत समस्त घटको की प्रगति के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं |
| 8 | **Heritage Conservation** :– नगर परिषद, श्रीगंगानगर में लागू नहीं है। |
| 9 | **Solid Waste Management** :– श्रीगंगानगर शहर के लिये सोलिड वेस्ट प्रोसेसिंग एंव डिस्पोजल प्लांट हेतु निविदा आमंत्रित की गई थी। निविदा में मै0 रोल्ज मैटिरियल हेण्डलिंग सिस्टम प्रा0लि0, दिल्ली एंव मै0 एलाईड एनर्जी सिस्टम प्रा0लि0, दिल्ली द्वारा भाग लिया गया था। मै0 एलाईड एनर्जी सिस्टम प्रा0लि0 से नैगोसियेशन के उपरान्त 230 रू. प्रति टन की दर प्राप्त हुई है। उक्त कार्य की स्वीकृति निदेशालय, जयपुर से प्राप्त की जा चुकी है। नगर परिषद के पास भूमि उपलब्ध नहीं है। उक्त प्लांट के लिये नगर परिषद द्वारा पूर्व में भी चक 1 जी छोटी के खसरा नं. 58 (मुरब्बा नं. 41, 42, 43, 44) रकबा 5.0960 हैक्टेयर भूमि का हस्तान्तरण/आवंटन नगर परिषद को करने के लिये श्रीमान् जिला कलक्टर महोदय, श्रीगंगानगर से निवेदन किया जा चुका है। |
| 10 | **AMRUT** :– अमृत योजनान्तर्गत श्रीगंगानगर शहर के विकास के लिये 55.00 करोड़ रू0 के प्रस्ताव की SLIP (Service Level Improvement Plan) 2016-17 तैयार कर आगामी कार्यवाही हेतु कार्यकारी निदेशक (RUIFDCO) जयपुर को भिजवाये जा चुके है, जिसमें (1) 20.00 करोड़ रू0 Storm Water Drainage (2) 10.00 करोड़ रू0 Septag Management (3) 5.00 करोड़ रू0 के Green Space & Parks है। उक्त कार्यो की डीपीआर (3 कार्यो, 35.00 करोड़ रू0 की) तैयार करवाने के लिए निविदा आमंत्रित की गई थी। फर्म क्रियेटिव टेक्नोक्रेट सर्विसेज प्रा0लि0, जयपुर राजस्थान को कार्य करने हेतु कार्यादेश सं. 46 दिनांक 07.04.2016 जारी किया जा चुका है। Green Space & Parks का डी.पी.आर. का कार्य प्रगति पर है। |
| 11 | **Conservation of Water Bodies** :– नगर परिषद, श्रीगंगानगर द्वारा शहर में विभिन्न स्थानों पर 11 वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चरों का निर्माण करवाया जा चुका है। |
| 12 | **Housing for ALL** :– प्रधानमंत्री आवास योजना ''सबके लिये आवास'' के अन्तर्गत दिनांक 23.06.2016 को प्रातः 11.30 बजे कार्यालय नगर परिषद, श्रीगंगानगर में कार्यशाला का आयोजन किया गया था। कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों/अधिकारी/कर्मचारियों को योजना के उद्देश्य एंव विषय में जानकारी दी गई। फर्म द्वारा वर्तमान में सर्वे कार्य किया जा रहा है। |
| 13 | **Progress of Accounting Reforms** :– नगर परिषद, श्रीगंगानगर के Accrued Base Accounting के लिये चार्टर्ड अकाउटेन्ट की सेवायें ली गई थी। चार्टर्ड अकाउटेन्ट द्वारा कार्य पूर्ण कर दिया गया है। चार्टर्ड अकाउटेन्ट द्वारा रिपोर्ट पेश करने के पश्चात् अकाउटिंग कार्य की ऑडिट की जावेगी। |
| 14 | **Identification of Gaurav Paths** :– सभापति नगर परिषद, श्रीगंगानगर द्वारा पत्र क्रमांक 810 दिनांक 30.06.2016 द्वारा जिला कलक्टर महोदय, श्रीगंगानगर को गौरव पथ विकसित किये जाने के लिये पत्र लिख दिया गया है। |
| 15 | **LED Lights** :– परिषद् क्षेत्र में स्ट्रीट लाईटों को एल.ई.डी. में बदलने हेतु ESSL के साथ अनुबन्ध माह अप्रेल 2015 में हस्ताक्षरित कर लिया गया है। वर्तमान में श्रीगंगानगर शहर में ESSL कम्पनी द्वारा सर्वे कार्य |

| | |
|---|---|
| | पूर्ण किया जा चुका है। सर्वे अनुसार कुल 10,469 बिजली के पोल उपलब्ध है। ESSL कम्पनी के प्रतिनिधियों द्वारा उक्त कार्य किया जा रहा है। |
| 16 | **<u>Smart Raj Project</u>** :— मै0 F.D.S.L. Limited द्वारा स्मार्ट राज प्रोजेक्ट संबंधी सर्वे कार्य किया जा रहा है। फर्म द्वारा सर्वे संबंधी 2700 प्रपत्र कार्यालय में जमा करवा दिये गये है। नगर परिषद, श्रीगंगानगर की टीम द्वारा इसका भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। |

| | |
|---|---|
| 17 | **<u>भामाशाह योजना के अन्तर्गत एसएसपी, पीडीएस एंव नरेगा की सीडिंग</u> :—** श्रीगंगानगर शहर में कुल 48,025 परिवार है, जिनमें से 27,247 परिवारों का नामांकन भामाशाह योजना में किया गया है। नामांकन के बाद अब तक 22,123 परिवारों के भामाशाह कार्डो का वितरण कर दिया गया है। कुल 13,740 में 10,442 लाभार्थियों की एसएसपी के तहत सीडिंग हो चुकी है। 80 वर्ष से अधिक उम्र होने एंव दिव्यांग होने पर शेष की सीडिंग नहीं हो पाई। |
| 18 | **<u>राजस्थान सम्पर्क पोर्टल</u>** :— राजस्थान सम्पर्क पोर्टल में आदिनांक तक 47 प्रकरण लंबित है, जिनका निर्धारित अवधि में निस्तारण कर दिया जावेगा। |
| 19 | **<u>निर्माण कार्यो की प्रगति</u>** :— माननीय उच्च न्यायालय, जौधपुर के निर्णय की पालना में शहर में अतिक्रमण हटवाये जाने का कार्य प्रगति पर है। अतिक्रमण के बाद नाली/नाला/फुटपाथ निर्माण के लिये श्रीमान् जिला कलक्टर महोदय, श्रीगंगानगर द्वारा जारी की गई गाईडलाईन की बोर्ड बैठक में स्वीकृत्ति के उपरान्त निविदा आमंत्रित की जावेगी। |
| 20 | **<u>बजट 2016—17 की गई बजट घोषणाओं की क्रियान्विती के संबंध में की गई कार्यवाही प्रगति समीक्षा</u>** :— मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं में नगर परिषद, श्रीगंगानगर से सम्बन्धित कोई बजट घोषणा नहीं की गई है। |

**आयुक्त**
**नगर परिषद, श्रीगंगानगर**

# कार्यालय नगर परिषद, श्रीगंगानगर

## सूचना

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11 | नगर परिषद, श्रीगंगानगर | 1. अतिक्रमणों के संबंध में प्राथमिकता का निर्धारण व पुलिस के सहयोग से हटाया जाना | माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर द्वारा दिये गये निर्णय की पालना में श्रीगंगानगर शहर में हुए अतिक्रमणों को गठित मोनिटरिंग कमेटी द्वारा लिये गये निर्णयानुसार प्राथमिकता से पुलिस के सहयोग से हटवाया जा रहा है। हटवाये गये अतिक्रमणों के मलबे आदि को जनहित की सुविधा के लिये नगर परिषद, श्रीगंगानगर द्वारा तुरन्त हटवाने की कार्यवाही की जा रही है। शहर में 1213 अतिक्रमण चिन्हित किये गये है व इनमें से 1052 अतिक्रमण हटवा दिये गये है। |
| | | 2. शहरवासियों को साफ सफाई, बिजली आदि की मूलभूत सुविधाएं | नगर परिषद, श्रीगंगानगर द्वारा शहर में नियमित रूप से सफाई करवाई जा रही है एंव कूड़े कचरे को नियमित रूप से उठवाया जा रहा है। शहर में 16 वार्डो का सफाई ठेका मै0 श्याम एसोसियेट्स को दिया हुआ है। इन वार्डो में फर्म द्वारा अपने श्रमिकों से सफाई कार्य करवाया जा रहा है एंव शेष 34 वार्डो में परिषद् द्वारा अपने 531 स्थाई सफाई कर्मचारियों से सफाई कार्य करवाया जा रहा है।<br>शहर में एल.ई.डी. लाईटस लगाने का कार्य मै0 ESSL कम्पनी द्वारा सुचारू रूप से करवाया जा रहा है तथा मैन्टीनेंस का कार्य भी इसी कम्पनी द्वारा ही करवाया जा रहा है। आदिनांक तक शहर में कुल 10,186 एल.ई.डी. लाईट्स लगवा दी गई है। |
| | | 3. जनसहयोग से पार्को के विकास एंव सौन्दर्यकरण के संबंध में | शहर में पार्को के विकास एंव सौन्दर्यकरण हेतु परिषद् द्वारा अनुदान दिया जाकर मौहल्ला समितियों के सहयोग से शहर में 33 पार्को का रख रखाव किया जा रहा है। 60 पार्को का रख रखाव ठेकेदार फर्म के श्रमिकों द्वारा करवाया जा रहा है एंव 08 पार्को का रख रखाव परिषद् के स्थाई मालियों द्वारा किया जा रहा है। |
| | | 4. आम नागरिकों को दुर्घटना से बचाने के संबंध में आवारा पशुओं के संबंध में आवश्यक कार्यवाही | नगर परिषद, श्रीगंगानगर द्वारा दो प्राईवेट गौशालाएं (1) श्री गौवर्धन ट्रस्ट, नरसिंहपुरा (2) श्री गौशाला, श्रीगंगानगर संचालित की जा रही है। जिसकी क्रमशः पशु रखने की क्षमता 1500 व 1900 है। आदिनांक तक उक्त गौशाला में कुल 1164 आवारा पशु भिजवाये जा चुके है। गौशालाओं में पशुओं की सुचारू रूप से देखभाल की जाती है। परिषद द्वारा स्वयं की गौशाला का निर्माण किया जा रहा है जो अंतिम चरण में है। |
| | | 5. हेलमेट का उपयोग करने को प्रोत्साहित करने हेतु शिक्षा एंव पुलिस विभाग के साथ शहरी क्षेत्रों में रैलियों/ वाद.विवाद प्रतियोगिताएं/ निबंध लेखन का हिन्दी दिवस (14 सितंबर) को आयोजन | हेलमेट का उपयोग करने हेतु शहरवासियों को प्रोत्साहित करने का कार्यक्रम दिनांक 14.09.2016 को आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। जिसमें शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग आदि का सहयोग लिया जावेगा। इस संबंध में शहर में रैली, वाद विवाद प्रतियोगिताएं, निबंध लेखन का आयोजन भी किया जावेगा। |